# स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय

जलेसर रोड, दौलतपुर, फिरोजाबाद।
https://www.asmcfirozabad.edu.in
E-mail- gmcfirozabad@gmail.com

संख्या– एफ.जैड.डी. / 2025–26 / 3029

दिनांक–28 / 02 / 2026

## – सेवायोजन विज्ञप्ति –

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद में संचालित कॉलेज ऑफ नर्सिंग में निम्नलिखित रिक्त पदों को संविदा वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-In-Interview) के आधार पर भरे / नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पद का विवरण निम्नवत् है–

### रिक्त पदों का विवरण

| College of nursing | Assistant Professor | | | | Tutor | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | GEN | OBC | SC | EWS | GEN | OBC | SC | EWS |
| | - | - | 01 | - | 03 | 02 | 01 | 01 |
| **Total** | **01** | | | | **07** | | | |

उक्त संविदा पदों पर चयन की प्रक्रिया चयन समिति की संस्तुति के आधार पर पूर्ण की जायेगी। रिक्त पदों पर समय–समय पर आरक्षण हेतु जारी शासनादेशों का अनुपालन किया गया है। पदों की संख्या घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

**शैक्षणिक अर्हता / अनुभव–**

| Sr. No | Name of Post | Qualification & Experience |
|---|---|---|
| 1. | Assistant Professor | Essential Qualification: M.Sc. (Nursing)<br>Experience: M.Sc. (Nursing) with total 3 years Teaching experience<br>Ph.D.(Nursing) is desirable |
| 2. | Tutor | M.Sc. (Nursing) Preferable<br>Experience- B.Sc. Nursing / P.B.B.Sc. Nursing with 01 Year experience |

**आवेदन शुल्कः**–आवेदन शुल्क रु0 2,000 / – (रुपये दो हजार मात्र) का आवेदन शुल्क डिमान्ड ड्राफ्ट (डी0डी0) के रुप में "Principal, Autonomous State Medical College, Society, Firozabad" (Payable at Firozabad) के नाम से देय होगा एवं अन्य किसी माध्यम से जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क किसी भी दशा मे वापस नहीं होगा। एक से अधिक पदों के लिये आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी को पृथक–पृथम आवेदन प्रपत्र भरना होगा और आवेदन शुल्क देना होगा।

**संविदा पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत् हैं–**

1. शासनादेश संख्याः–I/156557/2022, दिनांकः–15.04.2022 में दी गयी व्यवस्थानुसार असिस्टेन्ट प्रोफेसर को रु0 70,000 / – तथा ट्यूटर को 45000 / – नियत मानदेय प्रतिमाह प्रदान किया जायेगा।
2. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले शैक्षणिक कार्मिकों को वही मानदेय प्रदान किया जायेगा जो शासन द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
3. नर्सिंग शिक्षकगण की ड्यूटी 08 घण्टे की होगी। किसी भी कार्य दिवस में अनुपस्थित रहने पर उस दिवस का वेतन की धनराशि प्रदान नहीं की जायेगी।
4. संविदा कर्मिकों को आकस्मिक अवकाश / चिकित्सा अवकाश वर्ष में अधिकतम 14 तथा राजपत्रित अवकाश पूर्व में अनुमति के पश्चात् देय होगें।
5. महिला संविदा कर्मिकों को मैटरनिटी लीव, मैटरनिटी बेनीफिट एक्ट 1961 के तहत 180 दिन का अवकाश सवेतन अनुमन्य होगा।
6. इस पद पर अधिकतम आयु 68 वर्ष (गणना 01.01.2026) निर्धाति की गयी है।
7. यदि कोई संविदा कर्मी बिना किसी विशिष्ट कारण अथवा सूचना के अपनी ड्यूटी से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो उसकी संविदा अनुपस्थिति की तिथि से स्वतः समाप्त मानी जायेगी।
8. सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह का नोटिस देकर अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है।
9. संविदा छोड़ने की स्थिति में एक माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का मानदेय जमा करना होगा।
10. संविदा कर्मी सेवा में विनियमतीकरण, स्थायीकरण, पेंशन, बोनस आदि सुविधाओं के हकदार नहीं होंगे।
11. संविदा कार्मिक की सेवायें सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने पर Last Come First Go के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी।
12. नर्सिंग शिक्षकों का संविदा कार्यकाल 02 वर्ष का होगा। 02 वर्ष की संतोषजनक सेवा के पश्चात् लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी / नियमित नर्सिंग शिक्षक उपलब्ध न होने पर आवश्यकतानुसार इनकी संतोषजनक सेवा के आधार पर सेवाकाल पुनः 01 वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है।
13. साक्षात्कार के समय समस्त वांछित मूल अभिलेख तथा उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 02 नवीनतम फोटोग्राफ अवश्य लायें।
14. साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

प्रधानाचार्य
28.2.26
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
फिरोजाबाद

15. सरकार/आई0एन0सी0 के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों का ही शैक्षणिक अनुभव मान्य होगा।
16. आर्थिक रुप से कमजोर (EWS) प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये मान्य ही स्वीकार होगा।
17. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)/आर्थिक रुप से कमजोर (EWS) प्रमाण पत्र दिनांक 01 अप्रेल, 2025 के पश्चात का ही मान्य होगा।
18. उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार को अद्यावधिक विद्यमान शासनादेशों के अनुरुप आरक्षण अनुमन्य होगा।
19. संविदा पर कार्यरत नर्सिंग शिक्षक भविष्य में विनियमितीकरण अथवा स्थायीकरण के लिये हकदार नहीं होगें।
20. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी इस आशय का घोषणा/शपथ पत्र प्रस्तुत करेगें कि ''उनके विरुद्ध माननीय न्यायालय में कोई आपराधिक वाद प्रचलित नहीं है और यदि उनके विरुद्ध कोई प्रतिकूल तथ्य पाया जाता है तो उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी।''
21. आवेदक पत्र का निर्धारित प्रारुप कालेज की वेबसाइट **(www.asmcfirozabad.edu.in)** से डाउनलोड कर सकते हैं एवं समयान्तराल अपडेट के लिये वेबसाइट को निरन्तर देखते रहें।
22. इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारुप पर समस्त शैक्षणिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ कालेज के पते पर **(कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद–283203)** दिनांकः–**10.03.2026** समय सायं **05:00** बजे तक **रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से उपलब्ध करायें, किसी और माध्यम से आवेदन मान्य नहीं होगा।
23. इस हेतु साक्षात्कार दिनांक **17.03.2026 (मगंलवार)** को कालेज परिसर प्रधानाचार्य कार्यालय, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद में आयोजित होगा। पात्र अभ्यर्थियों को इस हेतु प्रथक से सूचित किया जायेगा।
24. किसी संस्थान में कार्यरत होने की दशा में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
25. आवेदक लिफाफे के ऊपर **''नर्सिंग कालेज हेतु आवेदन''** अवश्य लिखें।

प्रधानाचार्य,
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
फिरोजाबाद।

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद।
4. प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद को इस आषय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट पर तत्काल प्रदर्षित कराना सुनिश्चित करें।
5. नोटिस बोर्ड–स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोजाबाद।

28.2.26
प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
फिरोजाबाद।